(ग) से (ङ) तेल कम्पनियों द्वारा उपभोक्ताओं की संख्या के आधार पर वितरकों की एल पी जी सिलिंडरों की मांग की पूर्णतया पूर्ति की जाती । नयी चालू की गई डिस्ट्रीब्यूटरशिपों को समय-समय पर चरणबद्ध रूप में नये ग्राहकों की नाम सूची तैयार करने की अनुमति दी जाती है ताकि उनके कार्यों की व्यवहार्यता में सुधार हो सके ।

(च) उपर्युक्त (ग) से (ङ) को देखते हुये प्रश्न नहीं उठता ।

अनधिकृत रूप से बिजली का प्रयोग किया जाना

3352. **श्री सुनील कुमार पटटनायक :** क्या **ऊर्जा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली विद्युत प्रदाय संस्थान को इस बात की जानकारी है कि नई सीलमपुर (डबल स्टोरी बिल्डिंग के पास) पूर्वी दिल्ली के लकड़ी के खोखों के मालिक अनधिकृत रूप से बिजली का प्रयोग कर रहे हैं ;

(ख) यदि हां, तो अपराधियों को दंडित करने और उनसे हर्जाने की राशि वसूल करने के लिये क्या कार्यवाही की गई है अथवा किये जाने का विचार है ; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

ऊर्जा मंत्रालय में विद्युत विभाग में राज्य मंत्री (श्रीमती सुशीला रोहतगी) : (क) से (ग) दिल्ली विद्युत प्रदाय संस्थान के अनुसार, सीलमपुर क्षेत्र में उनके द्वारा हाल ही में मारे गये छापों में बिजली के उपयोग से संबंधित नियम के उल्लघंन के कुछ मामले सामने आये हैं । तदनुसार, दिल्ली विद्युत प्रदाय संस्थान द्वारा इस प्रकार के 15 मामलों में पुलिस के पास प्रथम दृष्टया रिपोर्ट (एफ०आई० आर०) दर्ज करा दी गई है और उनके द्वारा आगे की कार्यवाही की जा रही है ?

विधायकों की सिफारिश पर एल०पी०जी० कनेक्शनों का दिया जाना

3353. **श्री सुनील कुमार पटटनायक :** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि किसी राज्य के विधायक की हर एक सिफारिश पत्र पर मंत्रालय द्वारा खाना पकाने की गैस के कनेक्शन की मंजूरी नहीं दी जा जाती है ; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इस संबंध में विधान सभा के सदस्यों के लिए माह-वार या वर्ष-वार कोई कोटा निर्धारित करने का विचार रखती है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ब्रह्म दत्त) : (क) जी, हां ।

(ख) जी, नहीं ।

Import of crude oil

3354. SHRI J. P. GOYAL: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to refer to the answer to Unstarred Question 885 given in the Rajya Sabha on the 3rd August, 1987 and state:

(a) the quantity of crude oil imported during 1985-86 and 1986-87; and

(b) the total foreign exchange spent on the import of oil during 1985-86 and 1986-87 and likely to be spent during 1987-88?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI BRAHM DUTT):